प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

12.01.2026 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

मुख्य समाचार''

- राज्य सरकार ने चिलगोजे के 5 हजार पौधे भूटान भेजे– मुख्यमंत्री ने वाहन को दिखाई हरी झंडी।
- राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाई गई स्वामी विवेकानंद की जयंती– देश सहित प्रदेशभर में हुए कार्यक्रम।
- राज्य सरकार ने चिट्टा गतिविधियों में शामिल 11 पुलिस कर्मियों को सेवा से किया बर्खास्त।
- सोलन ज़िले के अर्की में हुए अग्निकांड में अभी तक 4 लोगों की मौत की पुष्टि– 6 लापता लोगों की तलाश जारी।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कांग्रेस नेताओं को केंद्र पर झूठे आरोप लगाने की बजाय अपनी सरकार की विफलताओं का आत्मचिंतन करने की दी सलाह।

चिलगोज़ा

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज शिमला से भूटान के लिए चिलगोज़े के 5 हज़ार पौधो से भरे एक ट्रक को हरी झंडी दिखाई। राज्य वन विभाग का भूटान के साथ एक समझौता हुआ है, जिसके तहत ये पौधे भेजे गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि वन विभाग अपने संसाधनों से आय जुटाने का कार्य कर रहा है और इसी प्रक्रिया के तहत ये पौधे भूटान भेजे गए हैं। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी इस तरह के प्रयास जारी रहेंगे, ताकि प्रदेश सरकार की आय के साधन बढ़ सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा भूटान के वन विभाग के अधिकारियों को चिलगोज़ा के पौधे उगाने का प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाएगा। इसके लिए भूटान के वन विभाग की टीम जल्द ही प्रदेश का दौरा करेगी।

सीएम–पंचायत चुनाव

इस बीच मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव को लेकर उच्च न्यायालय के फैसले का राज्य सरकार अध्ययन कर रही है। उन्होंने आज शिमला में पत्रकारों से अनौपारिक बातचीत में कहा कि आगामी अप्रैल या मई माह से पहले सरकार चुनाव करवाने के पक्ष में है।

युवा दिवस

महान आध्यात्मिक विभूति और दार्शनिक स्वामी विवेकानंद की जयंती आज राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वामी विवेकानंद को श्रद्धांजलि अर्पित की। एक संदेश में उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद भारत की युवाशक्ति के लिए प्रेरणा के शक्तिशाली स्रोत हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि स्वामी विवेकानंद का व्यक्तित्व और उनके कार्य विकसित भारत के संकल्प को निरंतर नई ऊर्जा प्रदान करते हैं। राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री ने कामना की है कि ये अवसर सभी देशवासियों, विशेषकर युवा साथियों के लिए नई शक्ति और नया आत्मविश्वास लेकर आएगा। इस बीच प्रधानमंत्री ने नई दिल्ली में विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग–2026 के समापन सत्र में शिरकत की।

प्रदेश कार्यक्रम

इधर राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर प्रदेश में भी कार्यक्रम आयोजित किए गए। राज्यसभा सांसद डॉक्टर सिकंदर कुमार ने हमीरपुर के नादौन विधानसभा क्षेत्र की कलूर पंचायत में स्वामी विवेकानंद को श्रद्धासुमन अर्पित किए। उन्होंने युवाओं से स्वामी विवेकानंद के दिखाए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। सिकंदर कुमार ने कहा कि आजादी के बाद भारतीय सभ्यता व संस्कृति को आगे ले जाने में स्वामी विवेकानंद, सरदार वल्लभ भाई पटेल और डॉक्टर भीमराव अंबेदकर की अहम भूमिका रही है।

बर्खास्त

राज्य सरकार ने नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए चिट्टा गतिविधियों में शामिल 11 पुलिस कर्मियों को सेवा से बर्खास्त कर दिया है। ये कार्रवाई प्रदेश सरकार की चिट्टा और नशे के खिलाफ शून्य सहिष्णुता नीति के अनुरूप एन.डी.पी.एस. एक्ट के मामलों में संलिप्त पाए जाने पर की गई है। शिमला में आज एक उच्च स्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने स्पष्ट किया कि चिट्टा तस्करी और अवैध कारोबार में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। प्रदेश पुलिस महानिदेशक अशोक तिवारी ने पुलिस विभाग द्वारा चिट्टा के खिलाफ की गई कार्रवाई की विस्तृत जानकारी दी।

कृषि मंत्री

कृषि मंत्री चंद्र कुमार ने कहा है कि राज्य सरकार ग्रामीण विकास को गति देने के लिए प्रतिबद्ध है। कांगड़ा ज़िले के ज्वाली विधानसभा क्षेत्र की सिद्धपुर–घाड़ पंचायत में आज जनसुनवाई के दौरान उन्होंने कहा कि सरकार जनसमस्याओं के समाधान को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। कृषि मंत्री ने विभिन्न विभागों के तहत क्षेत्र में चल रही योजनाओं की जानकारी भी दी।

अग्निकांड

सोलन ज़िले में अर्की स्थित पुराने बस अड्डे के समीप बीती रात भीषण अग्निकांड में अभी तक 4 प्रवासी लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है। ज़िला प्रशासन सहित कई टीमें राहत व बचाव कार्य में जुटी हुई है और अभी भी 6 लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका जताई जा रही है। ये सभी लोग

नेपाल के रहने वाले थे। स्थानीय विधायक संजय अवस्थी ने भी मौके पर पहुंच कर राहत व बचाव कार्यों का जायज़ा लिया। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि अग्निशमन विभाग द्वारा आग पर काबू पा लिया गया है और प्रशासन को प्रभावित परिवारों को हर संभव सहायता उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए गए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा, विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर, स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल और सांसद अनुराग ठाकुर व सुरेश कश्यप ने भी हादसे पर गहरा दुख जताया है।

दुर्घटना

उधर मंडी ज़िले में आज 3 अलग–अलग दुर्घटनाओं में 4 लोगों की मृत्यु हो गई, जबकि 3 अन्य घायल हो गए। घायलों में 2 की हालत गंभीर बताई जा रही है। पहली दुर्घटना में मंडी ज़िले के चरखड़ी के समीप एक निजी बस के दुर्घटनाग्रस्त होने से एक महिला की मृत्यु हो गई। एक अन्य घटना में सुंदरनगर उपमंडल के कुशला गांव में बीती रात अग्निकांड की एक घटना में 85 वर्षीय बुज़ुर्ग महिला की जलकर मौत हो गई। एक अन्य हादसे में सलापड़–तत्तापानी मार्ग पर एक कार के सतलुज नदी में गिरने से 2 लोगों की मृत्यु का समाचार है।

जयराम ठाकुर

विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कांग्रेस नेताओं को केंद्र पर झूठे आरोप लगाने के बजाय अपनी सरकार की विफलताओं का आत्मचिंतन करने की सलाह दी है। एक बयान में उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेताओं को ये भ्रम फैलाना बंद करने की ज़रूरत है कि प्रदेश को मिलने वाली मदद में कटौती हुई है। विकसित भारत रोज़गार और आजीविका मिशन ग्रामीण का उल्लेख करते हुए जयराम ठाकुर ने कहा कि इस योजना में प्रदेश को पहले की तरह 90 अनुपात 10 के आधार पर केंद्रीय सहायता मिलती रहेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि केंद्र सरकार योजनाओं में पारदर्शिता लाने और रोज़गार के अवसर बढ़ाने की दिशा में सकारात्मक बदलाव कर रही है।

पठानिया

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा है कि जून 2027 तक चंबा ज़िले में भटियात विधानसभा क्षेत्र के सभी गांवों को सड़क सुविधा से जोड़ने का लक्ष्य है। भटियात की परसियारा पंचायत में आज एक जनसभा में उन्होंने कहा कि क्षेत्र में सड़क निर्माण कार्यों को दी गई विशेष प्राथमिकता के आने वाले समय में सकारात्मक परिणाम सामने आएंगे। पठानिया ने कहा कि सड़क नेटवर्क सुदृढ़ होने से आवागमन बेहतर होगा जिससे पर्यटन गतिविधियों को नया आयाम मिलेगा।

मुख्य समाचार एक बार फिर''

- राज्य सरकार ने चिलगोजे के 5 हजार पौधे भूटान भेजे– मुख्यमंत्री ने वाहन को दिखाई हरी झंडी।
- राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाई गई स्वामी विवेकानंद की जयंती– देश सहित प्रदेशभर में हुए कार्यक्रम।
- राज्य सरकार ने चिट्टा गतिविधियों में शामिल 11 पुलिस कर्मियों को सेवा से किया बर्खास्त।
- सोलन ज़िले के अर्की में हुए अग्निकांड में अभी तक 4 लोगों की मौत की पुष्टि– 6 लापता लोगों की तलाश जारी।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कांग्रेस नेताओं को केंद्र पर झूठे आरोप लगाने की बजाय अपनी सरकार की विफलताओं का आत्मचिंतन करने की दी सलाह।

-------------------------------------------------------------------------------------------